दैनिक प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 89 मुरादाबाद 24 July 2022 (Sunday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## यूपी में बिजली की नई दरें जारी, योगी सरकार ने दी उपभोक्ताओं को बड़ी राहत; 7 रुपए का स्लैब खत्म



यूपी सरकार ने बिजली की नई दरें जारी करते हुए उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है। सरकार ने 7 रुपए का स्लैब वापस ले लिया है। ग्रेटर नोएडा में बिजली दरों में करीब 10 फीसदी की कमी की गई है। घरेलू बिजली की अधिकतम दर साढ़े 6 रुपए प्रति यूनिट होगी। समाचार चैनल न्यूज 18 के मुताबिक नई दरों के मुताबिक 300 यूनिट से ऊपर बिजली खर्च करने पर अधिकतम साढ़े 6 रुपए दर होगी। 151 से 300 यूनिट तक 6 रुपए, 101 से 150 यूनिट तक साढ़े 5 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली मिलेगी। घरेलू बीपीएल बिजली 3 रुपए प्रति यूनिट की दर से मिलेगी। यूपी राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने एक न्यूज 18 से बात करते हुए बताया कि यूपी विद्युत नियामक आयोग प्रदेश के 1.39 करोड़ गरीब उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है। उन्होंने बताया कि पहले इन उपभोक्ताओं से 3.35 रुपए टैरिफ चार्ज किया जाता था। अब वे सिर्फ 3 रुपए टैरिफ देंगे। शर्त यह रहेगी कि वे एक किलोवॉट 100 यूनिट के अंदर रहेंगे। दूसरा महत्वपूर्ण फैसला यह किया गया कि शहरी घरेलू उपभोक्ता के लिए अधिकतम 7 रुपए के स्लैब को खत्म कर दिया गया है। एक तरह से साढ़े 6 रुपए से ऊपर कोई चार्ज नहीं लगेगा। ग्रामीण क्षेत्र के घरेलू उपभोक्?ता अभी तक छह रुपए अधिकतम देते थे अब वे 5.50 रुपए से अधिक नहीं चुकाएंगे। इसके अलावा नोएडा पॉवर कंपनी क्षेत्र के ग्रेटर नोएडा में दरों में 10 फीसदी की कटौती की गई है। कंपनी पर सरप्लस निकल रहा था। 5 लाख उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा। अवधेश वर्मा ने दावा किया कि बिजली कंपनियों पर प्रदेश के उपभोक्ताओं का फिर एक बार 3 हजार करोड़ रुपए निकल गया। पहले 220045 हजार करोड़ निकल था। अब तीन हजार करोड़ और निकल गया। अवधेश वर्मा ने बताया कि नियामक आयोग ने यह भी साफ किया है कि स्मार्ट मीटर लगाने का बोझ उपभोक्ताओं पर नहीं आया आएगा।

ग्रामीण क्षेत्र में उपभोक्ताओं से ली जाएगी ये दर

**शहरी क्षेत्र में उपभोक्ताओं से ली जाएगी ये दर**

- -101 से 150 यूनिट तक 5.50 रुपए प्रति यूनिट
- -151 से 300 यूनिट तक 6.00 रुपए प्रति यूनिट
- -300 यूनिट से ऊपर 6.50 रुपए प्रति यूनिट

- ग्रामीण क्षेत्र में शून्य से 100 यूनिट तक की बिजली 3.35रुपए प्रति यूनिट
- -ग्रामीण क्षेत्र में 101 से 150 यूनिट तक की बिजली 3.85 रुपए की प्रति यूनिट
- -ग्रामीण क्षेत्र में 151 से 300 यूनिट तक की बिजली 5 रुपए प्रति यूनिट
- -ग्रामीण क्षेत्र में 300 यूनिट से ऊपर की बिजली 5.50 रुपए प्रति यूनिट की दर से

## समाजवादी पार्टी ने शिवपाल सिंह यादव और ओम प्रकाश राजभर को किया फ्री, जारी पत्र में कहा-कहीं भी जाने के लिए आप स्वतंत्र



उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव 2022 में शिवपाल सिंह यादव की प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया तथा सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी से समाजवादी पार्टी का अब मोहभंग हो गया है। समाजवादी पार्टी ने शनिवार को अलग-अलग पत्र जारी कर शिवपाल सिंह यादव तथा ओम प्रकाश राजभर को स्वतंत्र कर दिया है। समाजवादी पार्टी ने प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया के प्रमुख शिवपाल सिंह यादव और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर के नाम पत्र जारी किया है। पत्र में साफ-साफ कहा है कि आप कहीं भी जाने के लिए स्वतंत्र हैं। शिवपाल सिंह यादव के नाम जारी पत्र में लिखा गया है कि माननीय शिवपाल सिंह यादव जी अगर आपको लगता है, कहीं आपको अधिक सम्मान मिलेगा तो वहां पर जाने के लिए आप स्वतंत्र हैं। शिवपाल सिंह यादव इटावा के जसवंतनगर से समाजवादी पार्टी के विधायक हैं। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के मुखिया ओम प्रकाश राजभर के नाम जारी पत्र में लिखा गया है कि श्री ओम प्रकाश राजभर जी, समाजवादी पार्टी तो लगातार भारतीय जनता पार्टी से लड़ रही है। आपका भारतीय जनता पार्टी से गठजोड़ है और लगातार भारतीय जनता पार्टी का मजबूत करने के लिए काम कर रहे हैं। अगर आपको लगता है, कहीं ज्यादा सम्मान मिलेगा तो वहां जाने के लिए आप स्वतंत्र हैं।समाजवादी पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय से जारी पत्र की प्रतिलिपि राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव के साथ ही शिवपाल सिंह यादव तथा ओम प्रकाश राजभर को भी है। उत्तर प्रदेश के राजनीतिक पंडितों को अब शिवपाल सिंह यादव तथा ओम प्रकाश राजभर के अगले कदम का इंतजार है।

## आजम खान बोले- कहीं भी पढ़ सकते हैं नमाज, फर्क इससे पड़ता है कि राजा का दिल कितना बड़ा या छोटा है



उत्तर प्रदेश के लुलु मॉल (Lulu Mall) में नमाज को लेकर जारी विवाद के बीच सपा नेता आजम खान की प्रतिक्रिया आई है। आजम खान ने कहा- नमाज पर कहीं पाबंदी नहीं है, वो कहीं भी पढ़ी जा सकती है। नमाज कहां पढ़ी जाए ये बहस का मामला है क्योंकि फर्क इस बात से पड़ता है कि राजा का दिल कितना बड़ा या छोटा है। गौरतलब है कि इस महीने ही लखनऊ में भारत के सबसे बड़े मॉल यानी लुलु मॉल का सीएम योगी आदित्यनाथ ने उद्घाटन किया था। उद्घाटन के कुछ ही दिनों बाद मॉल में कुछ लोग सार्वजनिक तौर पर नमाज पढ़ते हुए दिखाई दिए जिसकी किसी ने वीडियो बना ली। फिर वो वीडियो इंटरनेट पर तेजी से फैल गई जिससे हिंदू संगठन खड़े हो गए। इस मामले की जांच के लिए आबु धाबी से भी एक टीम लखनऊ पहुंच रही है जो विवाद को लेकर रिपोर्ट बनाएगी और मैनेजमेंट को देगी।

## संजय राउत ने साधा केंद्र पर निशाना, कहा-शिवसेना को बर्बाद करना चाहती है दिल्ली



महाराष्ट्र में शिवसेना नेता संजय राउत ने एक बार फिर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि बालासाहेब ने 56 साल पहले हिंदुत्व को ध्यान में रखकर शिवसेना की स्थापना की थी। अब चुनाव आयोग इस पर सवाल उठा रहा है। यह महाराष्ट्र के लोगों के लिए बेहद शॉकिंग हैं। राउत की यह प्रतिक्रिया चुनाव आयोग के उस आदेश के बाद आई है, जिसमें उसने शिंदे और उद्धव ठाकरे गुट से शिवसेना में नेताओं की मेजॉरिटी साबित करने संबंधी कागजात मांगे हैं। संजय राउत ने कहा कि आज उद्धव ठाकरे ही शिवसेना के एकमात्र नेता हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली हमारी पार्टी को बर्बाद करना चाहती है। वहीं चुनाव आयोग ने चुनाव चिन्ह (रिजर्वेशन एंड एलॉटमेंट) आदेश 1968 के पैराग्राफ 15 के तहत दोनों पक्षों से कागजात मांगे हैं। इससे पूर्व शिंदे गुट ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर शिवसेना का चुनाव चिन्ह धनुष-बाण खुद को दिए जाने की मांग की थी। इसके पीछे उन्होंने लोकसभा और महाराष्ट्र विधानसभा में मौजूद अपनी संख्या को आधार बनाया है। गौरतलब है कि पिछले महीने शिवसेना के दो तिहाई विधायकों ने बगावत कर दी थी। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में यह विधायक गुवाहाटी चले गए थे। इसके बाद कुछ दिनों के नाटकीय घटनाक्रम के तहत शिंदे गुट ने उद्धव ठाकरे सरकार से समर्थन वापस ले लिया था और सरकार गिर गई थी। इसके बाद भाजपा के समर्थन से एकनाथ शिंदे ने महाराष्ट्र में सरकार बना ली थी। फिलहाल ठाकरे और शिंदे पक्ष में पार्टी के नाम और चुनाव चिन्ह को लेकर टकराव जारी है।

# टॉपर सूची में पांचवां स्थान अर्जित कर सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



शाहजहांपुर -एलएसपी पब्लिक स्कूल रामपुर कलां ब्लॉक खुटार तह -पुवायां जनपद शाहजहांपुर के अत्यंत मेधावी एवं होनहार छात्र वरुण पाण्डेय ने सीबीएसई की कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा 2021-22 में 97.80त्न अंक लाकर जिले की टॉपर सूची में पांचवां स्थान अर्जित कर सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया है श्री वरूण पाण्डेय कस्बा खुटार के ही श्री तरुण पाण्डेय एडवोकेट जी के सुपौत्र हैं और अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजन एवं निरन्तर कठिन परिश्रम को दें रहें हैं। विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें बधाइयां एवं संदेश अन्य लोगों की ओर से भी उन्हें व उनके परिवार को बराबर बधाइयां व संदेश आ रहे हैं।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# एडीएम ने किया नगर पंचायत कार्यालय का निरीक्षण

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



शाहजहांपुर -खुटार -शनिवार को खुटार में आयोजित थाना दिवस में आये एडीएम रामसेवक त्रिवेदी ने थाना दिवस के बाद नगर पंचायत खुटार कार्यालय का निरीक्षण किया।उसके बाद उन्होंने चेयरमैन अनुपम शुक्ला के साथ निर्माणाधीन गंगा पार्क बारात घर का निरीक्षण करते हुए उन्होंने प्रशंसा करते हुए कहा बारात घर एवं गंगा पार्क बहुत ही बढ़िया बन रहा है। नगर पंचायत कार्यालय निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां साफ सफाई, एवं कार्यालय का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान चेयरमैन अनुपम शुक्ला ने पूरनपुर खुटार हाईवे पर गांव मुरादपुर के पास टोल प्लाजा पर लगी स्ट्रीट लाइटें बंद होने की शिकायत की उन्होंने कहा की टोल प्लाजा पर न ही एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध है।और न ही स्ट्रीट लाइटें जलती हैं

जिस पर एडीएम रामसेवक त्रिवेदी ने तत्काल अधीनस्थों कर्मचारियों को निर्देशित किया और जल्द ही टोल प्लाजा पर लगी स्ट्रीट लाइटें सही करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ नायब तहसीलदार, लिपिक अनिल सिंह,सभासद पुत्र मिलन मिश्रा, विनीत पाण्डेय,रजनीश पांडे, राकेश भार्गव, अंकित मिश्रा, राममिलन वर्मा, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# सम्पूर्ण समाधान थाना एट में सुनी लोगो की फरियादें निस्तारण करने के दिये निर्देश

पवन कुमार
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



जालौन-जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने शासन के मंशानुरूप संपूर्ण समाधान थाना दिवस एट में आए हर फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समय सीमा के अंतर्गत उनका निस्तारण भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फरियादियों को अपनी शिकायतों को लेकर इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े। शिकायतें के निस्तारण की गुणवत्ता की जांच फरियादियों के मोबाइल पर बात करके की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान थाना दिवस में जमीनी विवादों की शिकायतों को सूचीबद्ध तथा राजस्व और पुलिस द्वारा गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का ससमय निस्तारण सुनिश्चित किया जाए ताकि फरियादियों को बार-बार अपनी शिकायतों को लेकर इधर-उधर दौड़ना पड़े। संपूर्ण समाधान थाना दिवस के बाद थाना का निरीक्षण भी किया। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि थाने में बंद पुराने वाहन को नियमानुसार कार्यवाही करते हुए नीलाम किये जाए। उन्होंने पकड़ी गई अवैध शराब को नष्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने अपराध रजिस्टर, माल खाना रजिस्टर, तोहार रजिस्टर आदि रजिस्टर का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर एसएचओ जितेंद्र कुमार आदि सहित अधिकारियों फरियादी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती - अंतर्गत थाना मल्हीपुर मे समाधान दिवस का आयोजन जिसमें समाधान दिवस की अध्यक्षता जिलाधिकारी श्रावस्ती नेहा प्रकाश व पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती अरविंद कुमार ने किया इस मौके थाना प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह तहसीलदार जमुनहा अहमद फरीद खान उप निरीक्षक, आरक्षी ,क्षेत्र लेखपाल ,राजस्व निरीक्षक , मौजूद रहे। 12 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसे आए हुए प्रार्थना पत्रों को संबोधित कर्मचारी को निस्तारण हेत दे दिया गया है और जिलाधिकारी ने बताया की गुणवत्तापूर्ण से शिकायती पत्रों का जांच करके निस्तारण करें ।यदि इसमें किसी प्रकार की शिकायत होती है तो वह अधिकारी कर्मचारी स्वयं दोषी होगा और उसके खिलाफ कार्यवाही भी की जाएगी ।

# विकासखंड जमुनहा के सभागार में जल जीवन मिशन का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती - ज्ञातब्य हो कि जल जीवन मिशन हर घर जल योजना के अंतर्गत विकासखंड जमुनहा सभागार में दो दिवसीय स्त्रञ्च के मध्यम से प्रशिक्षण संचालित किया गया जिसमें समस्त ग्राम पंचायतों के पांच पांच महिलाओं जिसमें आशा ,एएनएम आंगनबाड़ी, तथा समूह की महिलाएं को समलित करा कर प्रशिक्षण दिया गया जिसमें प्रशिक्षण के माध्यम से जल में रसायन तथा जैविक संदूषक की जांच की गई जिसमें आर्सेनिक क्लोराइड, फ्लोराइड, टर्बिडिटी , बैक्टीरिया, हाडर्नेस, क्लोरीन इत्यादि की जांच करके लोगों को यह बताया और समझाया गया कि आने वाले दिनों में यदि हम जल को सुरक्षित नहीं करेंगे तो शुद्ध पेयजल से वंचित हो जाएंगे तथा लोगों को जल की गुणवत्ता के बारे में बताया गया और उसकी जांच के तरीकों को समझाया गया जिसमें जिला परियोजना समन्वयक शमशाद खान ,प्रशिक्षक पवन कुमार, समन्वय योगेश पासवान, मनोज कुमार ,मनोज कुमार यादव, केदार, अमित कुमार धीरज ,अभिषेक ,मुकेश पांडेय इत्यादि लोग प्रशिक्षण में मौजूद रहे तथा प्रशिक्षण को समापन कराया गया ।

# धनीपुर में सरकारी नाली पर दबंगों का कब्जा नगर निगम तत्काल हटवाए-ठाकुर राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-ग्राम धनीपुर मैं सरकारी नाली पर कई वर्षों से कब्जा की वजह से गांव की पानी की निकासी में बाधा उत्पन्न हो रही है इसकी शिकायत पूर्ण रूप से संबंधित विभागों को दी जा चुकी है भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहां है कि गांव धनीपुर की सरकारी नाली पर कई वर्षों से कब्जा है नाली पर अवैध कब्जा होने के कारण पूरे गांव का पानी रास्तों पर घूमता नजर आ रहा है इसकी वजह से रास्ता अवरुद्ध हो रहा है भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने साफ कहा है कि जो पुरानी नाली है जो सरकारी है उस पर पूर्व प्रधान महेंद्र का कब्जा है पहले इस गांव का पानी उसी नाले में होकर जाता था इस संबंध में कई बार संबंधित विभागों को जानकारी दी गई है लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ जी की सरकार है नाले व नालियों पर कब्जा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इस संबंध में नगर निगम को नगर विकास मंत्री जी को पत्र भेजा जाएगा इस नाले से कब्जा हटाने की बात की जाएगी भाजपा किसान मोर्चा महानगर किसानों की समस्याओं के साथ खड़ा है जहां किसानों की समस्या जनता की समस्या आती है मां पूरी तरह से भाजपा किसान मोर्चा महानगर का साथ रहा है किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने साफ कहा है कि सरकारी नाले से कब जा हटवा कर ही दम लिया जाएगा नगर निगम के अधिकारी एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को संगठन की तरफ से चेतावनी है अगर अतिशीघ्र यहां के किसानों की जनता के पानी निकासी की समस्याओं को दूर नहीं किया गया तो किसान मोर्चा महानगर कोई भी कदम उठाने के लिए बाध्य होगा

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# श्रम विभाग को श्रम पंजीयन बढ़ाने तथा पेन्डिग आवेदनों को निस्तारण के दिए निर्देश

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय पर उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अर्न्तगत जनपद स्तरीय श्रम बंधु की बैठक आहूत की गयी, जिसमें जिलाधिकारी ने श्रमिक पंजीयन, अधिष्ठान पंजीयन, उपकर/सेस, योजना मद के अर्न्तगत किये गये व्यय, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी ने श्रम पंजीयन को बढ़ाने तथा कार्यदायी संस्थाओं में कार्य करने वाले श्रमिकों का भी रजिस्टेªशन कराने के निर्देश श्रम विभाग को दिये। जिलाधिकारी ने ए0एल0सी0 को निर्देशित किया कि विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन श्रम विभाग में पेन्डिंग नही रहने चाहिए, उनका समय से निस्तारण किया जाना सुनिश्चित करें तथा आवेदन पत्रों के निस्तारण में पूरी तरह पारदर्शिता बनी रहें, पात्रों को



योजनाओं का लाभ अवश्य मिले। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं के संबंध में लोगों को जागरुक कर लाभ दिलाया जाये तथा जो श्रमिक नगर निकायों में 90 दिन कार्य करते हैं उनका श्रम विभाग में रजिस्टेªशन करायें। जिलाधिकारी ने बताया कि मातृत्व शिशु एवं बालिका हितलाभ, कन्या विवाह सहायता, मेधावी छात्र पुरस्कार, कौशल विकास तकनीकी उन्नयन, आवास सहायता, शौचालय सहायता, सौर ऊर्जा सहायता, गम्भीर बीमारी सहायता, निर्माण कामगर मृत्यु, विकलांगता एवं अक्षमता पेंशन योजना, निर्माण कामगर अन्त्येष्टि योजना, महात्मा गांधी पेंशन योजना, चिकित्सा सुविधा योजना, संत रविदास शिक्षा सहायता योजना तथा आवासीय विद्यालय योजनाओं से श्रमिकों को लाभान्वित किया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आनन्द वर्धन, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 एम0सी0 गर्ग, ए0एल0सी0 सतीश दयाल, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अनुज भट्ट, सहित शोभना गुप्ता एनजीओ, स्वास्थ्य विभाग के डा0 पीताम्बर, अधिशासी अधिकारी नगर निकाय, जिला पूर्ति कार्यालय के एम0पी0 सिंह एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

# एडवांस पब्लिक स्कूल में मनाया गया मैंगो डे, बच्चों ने तरह तरह की बनाई आम की पेंटिंग




मौ.युसूफ

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -शनिवार को नगर के कोहिनूर स्थित एडवांस पब्लिक स्कूल में मैंगो डे मनाया गया। इसमें छोटे-छोटे बच्चे ग्रीन येलो मैंगो रंग जैसे अलग-अलग रूप में तैयार होकर आए। इस अवसर पर छोटे बच्चों द्वारा पेंटिंग भी बनाई गई। जिसमें बच्चों ने अपने-अपने ढंग से आम बनाए। बच्चे अपने साथ तरह-तरह के मैंगो भी लाए बच्चों ने रसीले आमों का जमकर लुत्फ उठाया। इस दौरान बच्चों को टेबल मैनर्स व खान-पान संबंधी बारीकियों से परिचित कराया गया। शिक्षक-शिक्षकाओ द्वारा छोटे- छोटे बच्चों को फलों के राजा आम की विशेषताओं बारे जानकारी दी गई। फलों के राजा के बारे मे बताया कि, आम न केवल स्वाद से भरपूर है बल्कि इसमें विटामिन-सी और विटामिन-ए पोषक तत्व शामिल है। यह रेशेदार फल हमारे पाचन तंत्र को मजबूत करता है और लू लगने से बचाता है। मौके पर सभी बच्चों में काफी उत्साह दिखाई दिया। मैंगो डे सेलिब्रेशन एक फन एक्टिविटी होने के साथ बच्चों में लैंग्वेज डेवलपमेंट का भी माध्यम बना। इस मौके पर विद्यालय के प्रिंसिपल शिक्षक शिक्षकाएं मौजूद रहे।

# सचिव ने राजकीय संप्रेक्षण गृह का किया औचक निरीक्षण

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मासिक कार्यक्रम के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश डॉ अजय कुमार के निर्देशानुसार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिन कुमार दीक्षित द्वारा सुबह सुबह राजकीय संप्रेक्षण गृह का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संप्रेक्षण गृह में किशोर अपचारियों द्वारा दैनिक दिनचर्या का पालन ना करने पर सभी किशोर अपचारियों को नियम व अनुशासन से रहने के लिये समझाया गया। सचिव द्वारा किशोरों को अनावश्यक सबमर्सिबल पंप चला कर जल ना बर्बाद करने के लिये कहा गया।

इस हेतु प्रभारी अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि वह बाल्टी मग से किशोरों के नहाने का प्रबंध करें। राजकीय संप्रेक्षण गृह मुरादाबाद में वर्तमान में 50 अपचारियों की क्षमता के मुकाबले कुल 134 अपचारी निवास कर रहे हैं जो तय मानक से कई गुना अधिक हैं। इसमें मुरादाबाद जनपद के 42 अपचारी निरुद्ध हैं। संप्रेक्षण गृह में पूर्व निर्धारित सूची के अनुसार नाश्ता बना हुआ था जिसे स्वयं टेस्ट कर सचिव ने खाने की गुणवत्ता को परखा। किसी अपचारी द्वारा भोजन को लेकर कोई शिकायत नहीं की गयी। इस अवसर पर सचिव सचिन दीक्षित द्वारा विधिक जागरूकता शिविर भी संप्रेक्षण गृह में लगाया गया जिसमें अपचारियों को संविधान द्वारा प्रदत्त मूल कर्तव्यों के विषय में सरल भाषा में अवगत कराया गया साथ ही महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद के जन्मदिवस पर उनके जीवन से संबंधित घटनाओं को बता कर अपचारियों को जीवन में अनुशासित रहने और संप्रेक्षण गृह से बाहर निकलने के बाद अच्छा नागरिक बनने के लिये प्रेरित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी अधीक्षक अजय सक्सेना जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय से शिव सक्सेना, फैज, मौजूद रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# आपसी विवाद के प्रकरणों में दोनों पक्षों को सुन मौके पर पहुंचकर सत्यता के आधार पर निस्तारण करें-एसएसपी

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री हेमंत कुटियाल ने आज संयुक्त रुप से थाना कुन्दरकी में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर शिकायतें को सुना और शिकायतों को संबंधितों को निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने थाना समाधान दिवस में शिकायतें सुनने के साथ ही समाधान दिवस रजिस्टरों को भी चैक किया तथा जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने थाना समाधान दिवस में आई शिकायतों की जानकारी प्राप्त करते हुए निस्तारण की गयीं शिकायतों में से एक शिकायतकर्ता से फोन से बात कर शिकायत निस्तारण का फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि राजस्व सबंधी शिकायतों के निसतारण हेतु पुलिस का सहयोग अवश्य लिया जाये और पूरी निष्पक्षता एवं ईमानदारी के साथ शिकायत का निदान किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि आपसी विवाद के प्रकरणों में दोनों पक्षों को सुनने के बाद ही एस0एच0ओ0, नायब तहसीलदार, लेखपाल मौके पर पहुंचकर सत्यता के आधार पर शिकायत का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि



प्रयास करें कि यथासम्भव थाना दिवस के दिन ही शिकायत का निस्तारण किया जाये। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर में बनें शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया एवं पुष्प अर्पण किये।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Inspired by the result

After some wait, on Friday, the Central Board of Secondary Education (CBSE) first declared the results of 12th and then 10th board examinations. These results, which came after at least three peak periods of the epidemic, raise much hope. A large number of students have got success and this will also motivate the students of other lower classes for better studies and preparation. The students who have passed class 12th are 92.71 percent, while those who pass 10th are 94.40 percent. It is good that this time also the toppers have not been declared. Overall gain and loss are greater than the topper's list. The state of mind of the students who fail in any one exam or get less marks must be taken care of and this is what CBSE is doing well. No test result is final. Students who have failed in multiple examinations have also become successful personalities in the future. Any test result is a motivation or a stop, so that maximum number of students can perform well. Can be learned from the shortcomings. Many times those who score less marks in 10th score a lot in 12th and many who score less marks in 12th pass through record breaking performance in the college.

""In CBSE Class 10, 64,908 or 3.10 per cent students have scored 95 per cent or more despite the pandemic-hit studies. It is also very encouraging for 2,36,993 or 11.32 per cent students to get more than 90 per cent marks. The special thing is that the students of South India and especially the students of Trivandrum region have performed very well in both 10th and 12th class. The result of Delhi region in 10th is disappointing, the success percentage in this region is not even 87, while the success of Noida with more than 96 percent, Prayagraj region with more than 94 percent is commendable. Every effort will have to be made to improve the examination results in the national capital. Merely providing facilities to children will not yield good results. The Northeast region also needs more attention. Now it has become a tradition, the passing percentage of girls has always been high.


The stubbornness and uniqueness with which girls are passing out of school, with the same enthusiasm, they should also flag in higher education. While studying the examination results, it is also important to see which schools students are performing better. Shouldn't only the better performing schools be expanded? Shouldn't the structure or specialty of better teaching schools be widely publicized? Keep in mind, the students of Jawahar Navodaya Vidyalaya have performed the best. Their reins are in the hands of the government, where children are getting all kinds of facilities and quality education, so the results are in front of the world. Kendriya Vidyalayas are also consistently performing well. The performance of private schools is also very good, but it should be seen in them that the performance of which schools is not improving. Why should schools that continue to perform poorly run? Our governments must also look at the poor results of other government and government-aided schools.

# The little 'Anandi' of 'Balika Vadhu' has become so hot, the bikini-clad actress raised the internet's mercury



Actress Avika Gaur, who has made her mark in every household by playing the role of 'Anandi' in TV's famous serial 'Balika Vadhu', can never be forgotten. Even today remembering the naughty acts of small 'Anandi' brings a smile to the faces of the fans. Today the small 'Anandi' i.e. Avika Gaur has grown up a lot. With growing up, Avika has become very glamorous and bold today. Along with acting, Avika remains in the discussion on social media due to her boldness. She often makes fans crazy by sharing her hot and bold pictures and videos. Meanwhile, once again Avika is seen throwing lightning on the internet through a bold video of her. Lightning on fans wearing bikini- 'Anandi' i.e. Avika Gaur is enjoying her holiday these days. During this, Avika is wreaking havoc on the hearts of the fans with her boldness on the beach baby bun fence. Avika has shared a video on her Instagram. In this video, she is seen in many different outfits. Sometimes she is posing lying on the net over the sea and sometimes standing on the edge wearing a bikini. There are constant reactions of fans on this video. Commenting on this, fans are calling him hot, bold, fire, gorgeous and beautiful. So far this video has got a lot of views. Know Avika Gaur's workfront - Talking about Avika Gaur's workfront, she got a special recognition from 'Balika Vadhu'. She appeared as a child artist in this show. Apart from this show, Avika has also appeared in 'Sasural Simar Ka' and 'Lado'. Fans have always liked Avika Gaur's acting in these serials.

# Disha Patani does not like watching her films, said- I close my eyes after seeing myself on the screen



Disha Patani will soon be seen in the film Ek Villain Returns. Apart from Disha, John Abraham, Arjun Kapoor and Tara Sutaria are in lead roles in this film. Let us tell you that this film is a remake of the hit film Ek Villain released in the year 2014. The entire star cast of Ek Villain Returns is promoting the film vigorously. Now recently Disha told during an interview that she does not watch her films. He even said that he does not like to see himself. Let us tell you about the reason behind Disha doing this. Disha said, 'I do not like to see myself. I can't see myself and I really don't like looking at myself because I don't like anything. Whenever I watch my films, I used to close my eyes for half the time. Let us tell you that Disha has made her Bollywood debut with the film 'MS Dhoni The Untold Story'. Sushant Singh Rajput was in the lead role opposite Disha in the film. Earlier she was seen in the Telugu film Loafer. After this Disha has worked in the films Baaghi 2, Bharat, Malang, Baaghi 3 and Radhe. Now Disha is going to be seen in Karan Johar's film Yoddha. Apart from Disha, the film also stars Sidharth Malhotra and Rashi Khanna in lead roles. The film will be released on November 11. Talking about the film Ek Villain Returns, recently its new song 'Na Tere Bin' has been released. The romantic chemistry between Disha and John is seen in this song.

## बिजली विभाग की लापरवाही से परेशान ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

लंकीन प्रसाद वर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती -बिजली विभाग की लापरवाही से जमुनहा क्षेत्र के ग्रामीण बिजली कटौती से त्रस्त नही मिल रहा सही ढंग से बिजली सप्लाई। जबकि शासन के रोस्टर के अनुसार शहरों में 20 व ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घण्टे बिजली सप्लाई करने का आदेश है। उसके बाद भी 18 घण्टे निर्बाध बिजली सप्लाई उपभोक्तओं को लाभ नही मिल रहा है। जमुनहा तहसील की सप्लाई बंजारन पुरवा उल्लहवा पावर हाउस से मिल रही है। जहाँ पर बिजली



विभाग के अधिकारियों के सुस्त रवैए के कारण जमुनहा क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या सबसे बड़ी है। जिसके लिए जमुनहा क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीणों ने कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों से लिखित व मौखिक रूप से कहा। आसपास मंडरा रहे है। जो ग्रामीणों में खौफ़ भर गया है। जिससे आये दिन किसी एक गांव से सर्प डस लिया जा रहा है। वही जमुनहा को सप्लाई देने वाली जर्जर तार जो कई वर्ष पुराने होने के कारण टूट कर गिर रहे हैं। जबकि ऐसे जर्जर तार गिरने से कभी बड़ी दुर्घटना को दवात दे रहा है। जिसके कारण मिलने वाली बिजली भी उपभोक्ताओं को सही ढंग से नही मिल पाती है। जिसकी शिकायत भी कई बार मौके के अधिकारियों से किया गया परन्तु न तो बिजली विभाग द्वारा लो वोल्टेज की समस्या सही हुई न ही बिजली के तारो को बदला गया जिसको लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

## पुलिस करती रही तलाश, कोर्ट में पहुंचा हिस्ट्रीशीटर

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जसरथपुर पुलिस ने 19 जुलाई को दहेलिया पूठ निवासी एक हिस्ट्रीशीटर को उसके घर से पकड़ लिया था। परिजनों ने पुलिस पर हमला कर उसे छुड़ा लिया था। इसमें पुलिस ने छह नामजद सहित तीन अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद लगातार हिस्ट्रीशीटर को तलाश की जा रही थी। लेकिन पुलिस तलाश ही करती रही और शुक्रवार को हिस्ट्रीशीटर ने अदालत में समर्पण कर दिया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थाना क्षेत्र के गांव दहेलिया पूठ निवासी उपेंद्र उर्फ बाबा पर आर्म्स, गैंगस्टर सहित आठ मामले दर्ज थे। वह जसरथपुर थाने का हिस्ट्रीशीटर है। 19 जुलाई की शाम को पुलिस उसे पकड़ने के लिए उसके गांव पहुंची। जहां आरोपी पुलिस को मिल गया। इस दौरान पुलिस ने थाने चलने की बात कही। पुलिस को देख उसने अपने परिजनों को आवाज लगा दी थी। जहां महिलाओं सहित परिवार के अन्य सदस्यों ने पुलिस पर हमला कर उसे छुड़ा लिया था। मामले को लेकर पुलिस ने उस पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शुक्रवार को वह कोर्ट में पेश हुआ वहां से उसे जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष श्रवण कुमार निगम ने बताया कि उपेंद्र उर्फ बाबा ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया है।

## राजकीय पॉलीटेक्निक के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण किया जाए - मंडलायुक्त

तकी रज़ा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- मंडलायुक्त श्रीमती सेल्वा कुमारी जे ने आज 50 लाख से अधिक लागत की निर्माणाधीन परियोजना बाकरगंज दौली रघुवर दयाल के मध्य किला नदी पर ( बॉक्स कल्वर्ट ) एवं पहुंच मार्ग तथा राजकीय पॉलीटेक्निक, तहसील फरीदपुर के ग्राम उदयपुर में हो रहे निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, सहायक अभियंता, कार्यदायी संस्था सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। डलायुक्त ने किला नदी पर ( बॉक्स कल्वर्ड ) एवं पहुंच मार्ग का निरीक्षण करते हुए अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग व सहायक अभियंता को



निर्देश दिए कि शेष बचे निर्माण कार्यों को शीघ्र समयान्तर्गत पूर्ण किया जाए। मंडलायुक्त को अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग ने अवगत कराया कि धनराशि उपलब्ध होते ही बोल्डर पिचिंग व नाली का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करा दिया जाएगा। मंडलायुक्त ने सहायक अभियन्ता को निर्देश दिए कि राजकीय पॉलीटेक्निक के निर्माण कार्य में होने वाली सामग्री अच्छी क्वालिटी का प्रयोग किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि राजकीय पॉलीटेक्निक कालेज का निर्माण कार्य को समयान्तर्गत पूर्ण किया जाए। उन्होंने कालेज के आने व जाने वाले कच्ची रोड़ पर पानी भरा देख कर नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि मनरेगा से मिट्टी डलवाई जाए, जिससे कालेज के आने जाने की रास्ता ठीक हो सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि कालेज के विद्युत कनेक्शन कराया जाए।

## अब ग्रामीण क्षेत्र में भी बिना नक्शा पास नहीं करा सकेंगे निर्माण

योगेश मुदगल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-अभी तक शहर में ही मकान, दुकान आदि बनवाने के लिए नक्शा पास कराने की बाध्यता थी। अब इसे ग्रामीण क्षेत्रों के लिए भी लागू कर दिया गया है। वहां भी बिना नक्शा पास किए निर्माण कार्य नहीं कराए जा सकेंगे। जिला पंचायत में इसके लिए आवेदन किया जाएगा। जिला पंचायत अधिकारी राहुल कुमार ने बृहस्पतिवार को बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति अब बिना नक्शा पास कराए निर्माण नहीं करा सकता है। नए नियम के मुताबिक उसे पहले अपने दुकान, मकान आदि का नक्शा जिला पंचायत कार्यालय से पास कराना होगा। उसके बाद ही निर्माण कार्य शुरू करा सकेगा। अगर नियम विरुद्ध कोई निर्माण कार्य कराता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। गौरतलब है कि अभी तक ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को अपने मकान व दुकान बनाने के लिए नक्शा पास कराने की जरूरत नहीं पड़ती थी। अपने मनमर्जी से किसी भी तरह निर्माण करा लेते थे।

## नहीं बने खेल मैदान, कैसे बनें खिलाड़ी प्रतिभावान

योगेश मुदगल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को निखारने का जिम्मा जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग को सौंपा गया है। विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों के लिए विभाग ने जिला योजना में 25 लाख रुपये मांगे लेकिन कुल 2 लाख रुपये मिल सके। जिसकी वजह से खेल मैदानों का विकास तो दूर, खिलाड़ियों को प्रोत्साहित तक नहीं किया जा सका। जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक दल को वित्तीय वर्ष 2021-22 की जिला योजना में सिर्फ 2 लाख 72 हजार रुपये का बजट मिला। जिसकी वजह से विभाग को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखार नहीं सका। वहीं



प्रतियोगिता के आयोजन में खिलाड़ियों के लिए उचित खान-पान की व्यवस्था तक नहीं हो सकी। यहां तक कि खिलाड़ियों को पुरस्कार तक मिलना मुश्किल हो गया। वहीं जिले के प्रत्येक ब्लॉक में दो खेल मैदान विकसित किए जाने थे लेकिन बजट के अभाव में अभी तक खेल मैदान विकसित नहीं हो सके। जिसकी वजह से खिलाड़ी अभ्यास नहीं कर पा रहे हैं।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से किसान की मौत

योगेश मुदगल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- अलीगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत अज्ञात वाहन की टक्कर से एक किसान की शुक्रवार की सुबह मौत हो गई। वह साइकिल से अलीगंज मंडी में सब्जी बेचने के लिए आ रहा था। पोस्टमार्टम हाउस पर गांव ससुतिया जगदीश निवासी प्रदीप ने बताया कि उसका बड़ा भाई 37 वर्षीय देवेंद्र खेतीबाड़ी कर परिवार का भरण पोषण करता है। कहा कि खेत में सब्जी की फसल है। वह शुक्रवार की सुबह साइकिल से अलीगंज मंडी में बेचने के लिए जा रहा था। इस दौरान कायमगंज-अलीगंज मार्ग पर स्थित फायर स्टेशन के पास एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उसे टक्कर मार दी। इससे देवेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीर उसे लेकर अलीगंज सीएचसी गए। जहां चिकित्सक ने मृत बता दिया। थानाध्यक्ष राजेश कुमार मीणा ने बताया अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

## महिला बंदियों को मिलेगा हुनर, बनेंगी आत्मनिर्भर

योगेश मुदगल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-विभिन्न मामलों में जेल में निरुद्ध महिला बंदियों को कारागार प्रशासन व्यवसायिक हुनर मुहैया कराएगा। जिससे महिलाएं हुनर का प्रयोग कर आत्मनिर्भर बन सकेंगी। अभी जेल में महिला बंदियों के लिए इस तरह का कोई प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं चल रहा है। कारागार भारती अभियान के तहत यह पहल की जा रही है। जेल में निरुद्ध 58 महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए सात दिन का सिलाई, कढ़ाई, बुनाई का प्रशिक्षण दिया जाएगा। सामाजिक संस्था राष्ट्रीय युवा शक्ति को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। एटा से शुरूआत करने के साथ ही यह संस्था अन्य जिलों के कारागारों में भी इसी तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने की तैयारी में है। प्रशिक्षण 23 जुलाई से शुरू किया जा रहा है। इसमें प्रशिक्षक बंदियों को सिलाई से संबंधित विभिन्न गुर सिखाएंगे जो महिलाओं को हुनर प्रदान करेंगे। इसके बाद महिलाएं कारागार में भी रहकर व्यवसायिक गतिविधियां कर सकेंगी। वहीं कारागार से बाहर निकलने पर उनके पास कमाई का जरिया होगा जो उन्हें रोजगार से जोड़ेगा और महिलाएं अपने पारिवारिक जीवन को खुशहाल बना पाएंगी।

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# गांव आनंदपुर के इमलीपारा, बेहेराडाड में सड़क नहीं होने पर पंडो जनजाति मरीजों को खाट में ढोकर ले जाने के लिए मजबूर

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- पारा में आज तक नहीं बन पाया सड़क बरसात के समय पंडो जनजाति नर्क के समान बिताते हैं जीवन ओड़गी-देश तो आगे बढ़ रहा हैं, पर हमारे गांव आज भी सड़क ना होने से परेशान हैं। मरीजों को एम्बुलेंस तक ग्रामीण खाट में ले जाने के लिए विवश हैं। यह पूरा मामला जिले के ओड़गी जनपद पंचायत के सुदुर दूरस्थ गांव आनंदपुर का है। गांव आनंदपुर के इमलीपारा व बेहेराडाड़ में लगभग बच्चों समेत राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र पंडो जनजाति के लगभग 350 लोग निवास करते हैं ?। जहां पर पहुंच मार्ग से लगभग 4 किलोमीटर पंगडंडी रास्ता है। यहां जब भी कोई पंडो जनजाति बीमार या किसी प्रकार की परेशानियों में पड़ता है उसे खाट पर ढोकर कर पहुंच मार्ग तक लाते हैं गांव के दोनों पारा तक एंबुलेंस नहीं पहुंचने की हालत में बीमार लोगों को मेडिकल सहायता से वंचित रहना पड़ता है। ऐसे में पारा वासियों ने नेताओं और अफसरों पर तंज कसते हुए कहते हैं कि वोट के समय रोड बनाने का आश्वासन देते हैं जीतने के बाद हकीकत में नहीं बदलते हैं। सत्ता की चकाचौंध में हम भोले-भाले राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र पंडो आदिवासियों को भुला दिया गया है।



## बरसात में आए दिन मरीजों को खाट पर ढोकर लेते हैं

बीते शुक्रवार को गांव आनंदपुर के इमलीपारा की पंडो जनजाति महिला सोनकुवंर पंडो पति बृजलाल पंडो उम्र लगभग 30 को अपने घर पर सर्प ने फूंक मार दिया था जिससे महिला बेहोश हो गई थी उसे बेहोशी हालत में खाट पर परिजन ढोकर लगभग तीन किलोमीटर चलकर पहुंच मार्ग पर लाया गया फिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ओड़गी ले जाया गया तब कहीं जाकर महिला की जान बची । इस पारा में बरसात के दिनों में अक्सर इस तरह का नजारा देखने को मिलते रहता है। यह पंडो बहुमूल्य पारा बरसात के समय



नर्क से भी बतर हो जाता है। इस पारा में लगभग 3 किलोमीटर का रास्ता पंगड़ड़ी है यहां कभी सड़क का निर्माण हुआ ही नहीं है इस समस्या को मैं आम



ग्राम सभा व जन समस्या शिविर में निराकरण के लिए प्रस्ताव के माध्यम से अवगत करा चुका हूं परन्तु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुआ है । दिलीप पंडो सरपंच ग्राम पंचायत आनंदपुर

## जिला प्रशासन समस्या का जल्द करें समाधान

ग्राम पंचायत आनंदपुर के इमलीपारा व बेहेराडाड़ के पंडो जनजातियों का कहना है कि हमारे यहां के पुल , बिजली, सड़क ,पानी आदि समस्याओं का समाधान जिला प्रशासन व सूरजपुर कलेक्टर जल्द करें। अन्यथा उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर स्थानीय ग्रामीण बसंत लाल पंडो, गोपाल पंडो,



बृजलाल पंडो, पवन पंडो, बहसलाल पंडो व भारी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# भाजयुमो शहर मण्डल में विभिन्न जगहों पर किया गया वॉल राइटिंग



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- भाजयुमो जिला सह प्रभारी मुकेश साकेत विभिन्न मण्डलों में प्रवास पर रहें भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर सूरजपुर शहर मंडल में भाजयुमो जिला सह प्रभारी मुकेश साकेत व मंडल प्रभारी यशवंत प्रताप सिंह के उपस्थिति में सूरजपुर के बस स्टैंड अग्रसेन चौक भैयाथान रोड स्टेडियम ग्राउंड एवं प्रमुख चौक चौराहों पर वॉल राइटिंग एवं पंपलेट लगाकर युवाओं से 24 अगस्त को रायपुर पहुंच कर बेरोजगारी भत्ता एवं रोजगार मुद्दे को लेकर सीएम आवास घेरने के लिए सभी युवाओं से अपील की किया गया इस दौरान भाजयुमों जिला सह प्रभारी मुकेश कुमार साकेत,भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष यशवंत प्रताप सिंह भाजयुमो शहर मंडल अध्यक्ष किशन देवांगन, उपाध्यक्ष प्यारे साहू, संजू सोनी, महामंत्री संस्कार अग्रवाल, मंत्री राकेश महाराज, संजय यादव, कोषाध्यक्ष पंकज सोनी, चंकी देवांगन, विशाल देवांगन, विकास साहू, नितिन सोनी, रंजन सोनी, रोहित साहू, राम कुमार रवि, सोनू साहू व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे

WWW.KNLSLIVE.COM


## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के संपर्क करे- knlslive@gmail.com

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे-

एन.राज शर्मा
प्रधान संपादक
9027776991

सुमित गुप्ता
क्यूँ न लिखूँ सच
9458664527


# छात्रा का अपहरण कर किया रेप..थाने में अपराध दर्ज हुआ ,फिर से छात्रा को लेकर फरार हुआ

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-बिहारपुर. जिले के दूरस्थ क्षेत्र बिहारपुर चाँदनी की पुलिसिंग बेलगाम हो गई है यहाँ अपराधियो के होशले बुलंद है और उनको सह देने में पुलिस के अधिकारी कर्मचारी भी पीछे नही है. चाँदनी थाना क्षेत्र की 16 वर्षीय छात्रा का अपहरण कर बलात्कार हुआ जिसका अपराध भी दर्ज हुआ. आरोपी पर उचित कार्यवाही नही होने से फिर से आरोपी ने छात्रा का अपहरण कर लिया है पीड़ित माता पिता थाना सहित पुलिस अधीक्षक का चक्कर काटने को मजबूर है. पुलिस अधिकारियों को दिए शिकायत में चाँदनी क्षेत्र की नाबालिक छात्रा 13 जून को स्कूल गई थी उसी गांव का रहने वाला आरोपी सियाराम साहू ने अपहरण कर ले गया और उसके साथ बलात्कार किया. परिजनों को जानकारी होने पर चाँदनी थाने में धारा 363,366,376 पास्को एक्ट के तहत दर्ज हुआ. पुलिस ने विधिवत कार्यवाही करते हुए आरोपी को कुछ देर थाने में बैठाने के बाद छोड़ दिया गया. जिसके फलस्वरूप इस घटना के बाद आरोपी नाबालिक छात्रा को परेशान करते रहा, परिजनों को खुलेआम धमकी गाली गलौज कर 18 जुलाई को नाबालिक छात्रा का घर से अपहरण कर लिया. जिससे हलाकान परिजनों ने स्थानीय पुलिस से मदद मांगी,नही मिलने से परिजन पुलिस अधीक्षक सहित अजजा थाने में पूरे मामले की शिकायत न्याय की फरियाद की. शिकायत में उल्लेख है कि पुलिस थाना चांदनी के संरक्षण में उसकी पुत्री के साथ शारारिक शोषण किया जा रहा अगर उसकी पुत्री के जीवन संबंधी किसी प्रकार की घटना कारित होती है तो उसका जिम्मेदार आरोपी और चाँदनी थाना प्रभारी को बताया है.

## विवादो में थाना चाँदनी

चाँदनी पुलिस की कार्यवाही हमेशा से विवादित रहा.गंभीर अपराधों को बात करे या शराब तस्करी की, यह थाना हमेशा सुर्खियों में बना रहा. चंद पैसे के लालच में कानून के रक्षक कानून की धज्जियां निकलते देर नही करते. फिलहाल अपनी खुद फजीहत करते चाँदनी पुलिस इस मामले में क्या कार्यवाही करती है या नही,अभी तक तो यही नजर आ रहा.5 दिन को गए 10वी की छात्रा का अपहरण हुए.

WWW.KNLSIVE.COM


दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com